# Daily Current Affairs

**Date : 11 August, 2025**

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | 'इंदिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार' अब 'पद्माक्षी पुरस्कार योजना' |
| 2. | देश का पहला हाई-स्पीड ट्रायल टेस्ट ट्रैक |
| 3. | डॉ. सुनिला खंडेलवाल |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. विवेक जैन<br>2. मीरा महोत्सव – मेड़ता<br>3. रींगस - खाटू श्याम रेलवे प्रोजेक्ट<br>4. कोपरनिकस गणित ओलंपियाड – 2025<br>5. रेणु सिंघी |
| 5. | सबसे बड़ा सिंगल-पीस 3D प्रिंटेड रॉकेट इंजन |
| 6. | AI मॉडल चैट GPT-5: ओपन AI |
| 7. | विश्व शेर दिवस : 10 अगस्त |
| 8. | विश्व संस्कृत दिवस : श्रावण पूर्णिमा |
| 9. | वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर (ब्रॉन्ज लेवल) 2025 |
| 10. | कनाडा टेनिस ओपन, 2025 |
| 11. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. IIT खड़गपुर: पहली बार मेंटल हेल्थ के लिए डीन |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

### ‘इंदिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार’ अब 'पद्माक्षी पुरस्कार योजना'



➲ चर्चा में क्यों?

■ हाल ही में, राजस्थान सरकार द्वारा पूर्ववर्ती ‘इंदिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार’ का नाम परिवर्तित कर 'पद्माक्षी पुरस्कार योजना' करने की घोषणा की गई।

➲ मुख्य बिंदु :

■ साथ ही, सरकार द्वारा इस योजना के तहत् प्रदान की जाने वाली राशि में भी कटौती की गई है।

| क्र.सं. | कक्षा | इंदिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार राशि | पद्माक्षी पुरस्कार योजना राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | 8वीं / संस्कृत शिक्षा | ₹40,000 | ₹25,000 |
| 2. | 10वीं एवं प्रवेशिका | ₹75,000 | ₹50,000 |
| 3. | 12वीं एवं वरिष्ठ उपाध्याय | ₹1,00,000 और स्कूटी | ₹75,000 |

**योजना के लिए पात्रता:**

■ कक्षा-8, 10 एवं 12 (कला, विज्ञान, वाणिज्य तीनों संकायों में अलग-अलग) की बोर्ड परीक्षा में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं तथा संस्कृत शिक्षा की कक्षा-8, प्रवेशिका एवं वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली 08 संवर्गों की छात्राओं को यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- इसके अलावा राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10 व 12 (व्यावसायिक शिक्षा) की 8 संवर्गों में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राएँ तथा स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय की कक्षा 12 (विज्ञान संकाय) में 09 CGPA से अधिक अंक के साथ उत्तीर्ण छात्राएँ भी इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर सकती है।
- **08 संवर्ग :** सामान्य, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, बी.पी.एल. एवं नि:शक्त वर्ग (दिव्यांग)
- छात्रा द्वारा उक्त परीक्षाओं में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।
- बोर्ड परीक्षा के लिए प्रस्तुत आवेदन-पत्र में छात्रा द्वारा भरा गया जाति/संवर्ग ही अंतिम रूप से मान्य होगा।
- छात्रा अगली कक्षा में नियमित अध्ययनरत हो।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**


- **संबंधित विभाग :** माध्यमिक शिक्षा विभाग।
- **योजना प्रारम्भ :** वर्ष 2010-11 (संशोधित 05.03.2019)
- **वित्त पोषित :** शत-प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा।
- **योजना का प्रकार :** व्यक्तिगत।
- वर्ष 2017-18 में वसुंधरा राजे सरकार ने 'इंदिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार' योजना का नाम बदलकर 'पद्माक्षी पुरस्कार योजना' कर दिया था, लेकिन अशोक गहलोत सरकार ने वर्ष 2019 में पुन: इसका पुराना नाम बहाल कर दिया।
- इस योजना के अंतर्गत पुरस्कार राशि का संपूर्ण व्यय बालिका शिक्षा फाउण्डेशन द्वारा वहन किया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# देश का पहला हाई-स्पीड ट्रायल टेस्ट ट्रैक

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारतीय रेलवे के इतिहास में पहली बार 9000 हॉर्सपावर के सबसे ताकतवर इलेक्ट्रिक इंजन का हाई स्पीड ट्रायल टेस्ट ट्रैक पर परीक्षण किया गया।




## मुख्य बिंदु :

- यह ट्रायल जयपुर-जोधपुर रेलमार्ग पर नवनिर्मित देश के पहले हाई स्पीड ट्रायल टेस्ट ट्रैक पर किया गया।
- गुजरात के दाहोद स्थित लोकोमोटिव फैक्ट्री में निर्मित 9000 हॉर्सपावर इंजन को हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखाई थी।

### देश का पहला हाई स्पीड ट्रायल टेस्ट ट्रैक :

- जयपुर-जोधपुर रेलखंड पर गुढ़ा से मीठड़ी तक 64 किमी लंबा यह ट्रैक देश का पहला हाई स्पीड टेस्ट ट्रैक है।
- यह जोधपुर रेल मंडल के अंतर्गत आता है, जहाँ चार रेलवे स्टेशनों; गुढ़ा, जबड़ीनगर, नावा और मीठड़ी हैं।
- इस ट्रैक पर ट्रेनें 220 किमी प्रतिघंटा से भी अधिक स्पीड में दौड़ सकती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# डॉ. सुनिला खंडेलवाल

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, जयपुर की डॉ. सुनिला खंडेलवाल ने एशिया पैसिफिक मेनोपॉज फेडरेशन कॉन्फ्रेंस में भारत का प्रतिनिधित्व किया।




## मुख्य बिंदु :

- **आयोजन :** क्वालालम्पुर, मलेशिया।
- एशिया पैसिफिक मेनोपॉज फेडरेशन (APMF) एक क्षेत्रीय संगठन है, जो रजोनिवृत्ति (Menopause) और महिलाओं के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करता है।
- **सदस्य देश :** ऑस्ट्रेलिया, चीन, हांगकांग, जापान, कोरिया, भारत, इंडोनेशिया, मलेशिया, पाकिस्तान, फिलीपींस, सिंगापुर, ताइवान, थाईलैंड और वियतनाम सहित 14 देश।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- APMF का मुख्य उद्देश्य रजोनिवृत्ति और उम्र बढ़ने की महामारी विज्ञान, नैदानिक विशेषताओं और अनुक्रमों का अध्ययन करना और इससे संबंधित प्रबंधन के लिए आम सहमति स्थापित करना है।
- डॉ. खंडेलवाल ने 'मेनोपॉज केयर इन इंडिया' विषय पर व्याख्यान दिया और इसके चैलेंजेस, इनोवेशन्स, और भविष्य के दिशा-निर्देशों पर चर्चा की।
- डॉ. खंडेलवाल को फेडरेशन का स्थायी कौंसिल सदस्य बनाकर सम्मानित किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR


# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **विवेक जैन**  ♦ 26 जुलाई, 2025 (कारगिल विजय दिवस) के अवसर पर जयपुर के विवेक जैन ने राज्य क्रीड़ा परिषद की सहायता से यूरोप की सबसे ऊँची चोटी माउंट एलब्रस पर भारतीय तिरंगा फहराया।<br>♦ माउंट एलब्रस यूरोप का सबसे ऊँचा पर्वत है, जिसकी समुद्र तल से ऊँचाई लगभग 5,642 मीटर (18,510 फीट) है और यह रूस के कॉकेशस पर्वतमाला में स्थित है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**2.**

## मीरा महोत्सव – मेड़ता




- **नागौर जिले के मेड़ता में 30 जुलाई से 6 अगस्त, 2025 तक राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा 'मीरा महोत्सव' का आयोजन किया गया।**
- **राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा कई त्योहारों और महोत्सवों का आयोजन किया जाता है, जिसमें ऊँट महोत्सव (बीकानेर), पतंग महोत्सव (जयपुर), मरू महोत्सव (जैसलमेर) और पुष्कर मेला (पुष्कर) शामिल हैं।**
- **अन्य प्रमुख त्योहारों में नागौर मेला, गणगौर महोत्सव, मेवाड़ महोत्सव, तीज महोत्सव और मारवाड़ महोत्सव शामिल हैं।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 3. रींगस - खाटू श्याम रेलवे प्रोजेक्ट



- हाल ही में, केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में बताया कि राजस्थान के रींगस से खाटू श्याम मंदिर तक सीधी रेलवे कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए 17 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन परियोजना को स्वीकृति दी गई है।
- **प्रोजेक्ट की लागत :** ₹254 करोड़।
- परियोजना के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में 43 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है।
- इसके अलावा पर्यटन मंत्रालय ने खाटूधाम विकास प्रोजेक्ट के लिए ₹40 करोड़ भी जारी किए हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 4. कोपरनिकस गणित ओलंपियाड – 2025




- कोपरनिकस गणित ओलंपियाड-2025 में उदयपुर के प्रखर सिंघवी ने गणित वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- छठा कोपरनिकस गणित ओलंपियाड अमेरिका के न्यूयॉर्क में कोलंबिया विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया था।
- प्रतियोगिता में 54 देशों के 25 हजार छात्र शामिल हुए।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**5.**

## रेणु सिंघी



- **हाल ही में, जयपुर की रेणु सिंघी ने मलेशिया और सिंगापुर में 600 किलोमीटर से ज़्यादा की साइकिल राइड पूरी की।**
- **रेणु सिंघी ने मलेशिया ऑडेक्स और सिंगापुर ऑडेक्स रैंडोन्यूर्स में हिस्सा लेकर इस राइड को सफलतापूर्वक पूरा किया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## सबसे बड़ा सिंगल-पीस 3D प्रिंटेड रॉकेट इंजन



### चर्चा में क्यों?

- भारतीय स्पेस-टेक स्टार्टअप 'अग्निकुल कॉसमॉस' ने विश्व का सबसे बड़ा सिंगल-पीस 3D प्रिंटेड रॉकेट इंजन का निर्माण किया है।

### मुख्य बिंदु :

- कंपनी ने इसे 'इनकोनल सुपरएलॉय' से तैयार किया है, जो अधिक गर्मी, जंग और दबाव को झेलने में सक्षम होता है।
- **इनकोनेल सुपरअलॉय:** इनकोनेल एक निकल-क्रोमियम-आधारित सुपरअलॉय है जिसका उपयोग अक्सर चरम वातावरण में किया जाता है जहाँ घटकों को उच्च तापमान, दबाव या यांत्रिक भार के अधीन किया जाता है।
- पारंपरिक रॉकेट इंजनों में सैकड़ों पुर्जे होते हैं। इनमें से किसी एक के फेल होने से पूरा इंजन फेल हो सकता है। अग्निकुल का नया इंजन इस समस्या का समाधान करता है।
- ईंधन के प्रवेश से लेकर प्लम के निकास तक बिना किसी वेल्ड, जोड़ या फास्टनरों के पूरी तरह से एक एकीकृत घटक के रूप में मुद्रित है।
- तरल ऑक्सीजन और परिष्कृत केरोसीन इंजन के प्रणोदक हैं, जो सटीक थ्रस्ट नियंत्रण के लिए पारंपरिक गैस जनरेटर और टर्बोपंप के स्थान पर विद्युत मोटर का उपयोग करते हैं, जिससे यह अधिक स्वच्छ और नियंत्रणीय विकल्प प्रदान करता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# AI मॉडल चैट GPT-5: ओपन AI

➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, अमेरिकी कंपनी OpenAI ने अपने सबसे एडवांस्ड AI मॉडल चैट GPT 5 को लॉन्च किया।




➲ मुख्य बिंदु :

- GPT 5 का पूर्ण रूप: जेनरेटिव प्री-ट्रेन्ड ट्रांसफॉर्मर -5

चैट GPT 5 में 7 नए फीचर :

1. नैनो-मिनी वर्जन : अब GPT-5 खुद तय करेगा कि आपके प्रॉम्प्ट के लिए कौन सा मॉडल सबसे बेहतर होगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

2. **निजी कोडर :** लाइव डेमो में कंपनी ने दिखाया कि सिर्फ एक साधारण प्रॉम्प्ट से यह कुछ ही मिनटों में इंटरैक्टिव वेब एप बना सकता है।

3. **डीप रिसर्च और रीजनिंग :** GPT 5, अब फ्री यूजर्स को भी एडवांस रीजनिंग मॉडल का एक्सेस देगा। यह मॉडल डेटा को एकत्रित करके PHD लेवल तक का विश्लेषण कर पाएगा।

4. **नया पर्सनैलिटी ऑप्शन :** इसमें चार प्रीसेट पर्सनैलिटीज हैं: साइनिक, रोबोट, लिसनर और नर्ड। अपने व्यक्तित्व के हिसाब से संवाद कर सकते हैं।

5. **बेहतर वॉइस मोड :** यह टोन और इंस्ट्रक्शन के अनुसार बोलने का तरीका बदलेगा।

6. **जीमेल-गूगल कैलेंडर से कनेक्ट :**

7. **चैट कस्टमाइजेशन फीचर :**

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI)**

- AI या कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीनों से ऐसे कार्य करवाने का विज्ञान है जिनके लिए मानवीय बुद्धि की आवश्यकता होती है।
- AI में सीखना, तर्क करना और आत्म-सुधार जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं।
- यह मशीनों को अनुभव से सीखने, नए इनपुट के साथ समायोजन करने और मानव जैसे कार्य करने की अनुमति देता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## OpenAI:

- एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता अनुसंधान प्रयोगशाला है जो सुरक्षित और लाभकारी तरीके से कृत्रिम सामान्य बुद्धिमत्ता (AGI) को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है।
- **स्थापना :** दिसंबर, 2015
- **संस्थापक :** सैम ऑल्टमैन, ग्रेग ब्रॉकमैन, इल्या सुत्सकेवर, जॉन शुलमैन और वोज्शिएक ज़रेम्बा आदि।
- **मुख्यालय :** सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया, अमेरिका।
- यह संगठन मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, रीइन्फोर्समेंट लर्निंग और संबंधित क्षेत्रों में अत्याधुनिक अनुसंधान करता है, जिसका लक्ष्य नैतिक चिंताओं का समाधान करते हुए एआई क्षमताओं की सीमाओं को आगे बढ़ाना है।
- OpenAI में किए गए शोध में विविध विषयों पर शोध किया गया है, जिसमें प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण, कंप्यूटर विज़न, रोबोटिक्स, तथा GPT (जेनरेटिव प्री-ट्रेन्ड ट्रांसफॉर्मर) श्रृंखला जैसेAIमॉडल का विकास शामिल


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## महत्त्वपूर्ण दिवस

### विश्व शेर दिवस : 10 अगस्त

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **10 अगस्त, 2025 को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा गुजरात सरकार के वन एवं पर्यावरण विभाग के सहयोग से विश्व शेर दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय समारोह का आयोजन गुजरात के बरदा वन्यजीव अभयारण्य में किया गया।**



➲ **मुख्य बिंदु :**

- **गुजरात में शेरों की संख्या 2020 से 32 प्रतिशत बढ़ी है, जो मई, 2025 के शेरों की संख्या के अनुमान के अनुसार वर्ष 2020 में 674 से बढ़कर वर्ष 2025 में 891 हो गई है।**
- **पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन ने ₹180 करोड़ की वन्यजीव संरक्षण पहल का शुभारंभ किया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- इस वर्ष 10वाँ विश्व शेर दिवस मनाया गया, इसकी स्थापना वर्ष 2013 में डेरेक और बेवर्ली जौबर्ट ने जंगल में शेरों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की थी।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**शेर :**

**वैज्ञानिक नाम :**

- **अफ्रीकी शेर –** पैंथेरा लियो लियो
- **एशियाई शेर -** पैंथेरा लियो पर्सिका
- **निवास स्थान :** शेर उप-सहारा अफ्रीका और भारत के गिर राष्ट्रीय उद्यान में सवाना, घास के मैदानों, खुले जंगलों और झाड़ियों में पाए जाते हैं।
- भारत सरकार द्वारा "प्रोजेक्ट लायन @2047" संचालित की जा रही हैं जिसका उद्देश्य सौराष्ट्र क्षेत्र में बढ़ती शेर आबादी को दीर्घकालिक रूप से सुरक्षित और प्रबंधित करना है।

**एशियाई शेर की स्थिति :**

- IUCN की रेड लिस्ट में लुप्तप्राय।
- वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची I में सूचीबद्ध।
- CITES के परिशिष्ट I में।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विश्व संस्कृत दिवस : श्रावण पूर्णिमा




**चर्चा में क्यों?**

- प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा को विश्व संस्कृत दिवस मनाया जाता है।

**मुख्य बिंदु :**

- **वर्ष 2025 का आयोजन :** 9 अगस्त, 2025 (श्रावण पूर्णिमा)।
- यह एक प्रतिष्ठित संस्कृत विद्वान और व्याकरणविद् पाणिनि की जयंती पर श्रद्धांजलि के रूप में मनाया जाता है।
- **इतिहास :** पहला विश्व संस्कृत दिवस वर्ष 1969 में मनाया गया था।

**संस्कृत भाषा :**

- **उत्पत्ति :** लगभग 3500 वर्ष पहले भारत में हुई।
- **विश्व की सबसे पुरानी भाषा :** संस्कृत को दुनिया की सबसे पुरानी भाषाओं में से एक माना जाता है।
- यह एक इंडो-आर्यन भाषा है तथा इसे भारत की अधिकांश भाषाओं की जननी के रूप में भी जाना जाता है।
- **संवैधानिक भाषा :** संस्कृत भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 आधिकारिक भाषाओं में से एक है।
- **शास्त्रीय भाषा :** यह 11 शास्त्रीय भाषाओं में सम्मिलित है।
- वर्ष 2010 में संस्कृत को उत्तराखंड की दूसरी आधिकारिक भाषा के रूप में घोषित किया गया था।
- **UNESCO की मान्यता:** UNESCO ने संस्कृत को विश्व की सबसे शुद्ध, समृद्ध और वैज्ञानिक भाषा के रूप में मान्यता दी है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल परिदृश्य

## वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर (ब्रॉन्ज लेवल) 2025

### ➲ चर्चा में क्यों?

- **भारत की मेज़बानी में पहली बार ओडिशा के भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में इंडियन ओपन 2025, विश्व एथलेटिक्स कांस्य स्तरीय कॉन्टिनेंटल टूर 2025 (कांस्य स्तरीय) का आयोजन किया गया।**




### ➲ मुख्य बिंदु :

- **इस आयोजन ने टोक्यो में होने वाली आगामी विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने के इच्छुक एथलीटों को मूल्यवान रैंकिंग अंक प्रदान किए।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन :

| खिलाड़ी का नाम | स्पर्धा | पदक/स्थान |
|---|---|---|
| अनिमेष कुजुर | पुरुष 200 मीटर रेस | स्वर्ण पदक |
| रघुल कुमार | पुरुष 200 मीटर रेस | कांस्य पदक |
| मुरली श्रीशंकर | पुरुष लॉन्ग जंप | स्वर्ण पदक |
| शाहनवाज खान | पुरुष लॉन्ग जंप | दूसरा स्थान |
| लोकेश सत्यनाथन | पुरुष लॉन्ग जंप | तीसरा स्थान |
| शैली सिंह | महिला लॉन्ग जंप | स्वर्ण पदक (पहला स्थान) |
| अन्नू रानी | महिला भाला फेंक | स्वर्ण पदक (पहला स्थान) |
| शिवम लोखंडे | पुरुष भाला फेंक | सिल्वर पदक |
| अबिनया राजराजन | महिला 100 मीटर दौड़ | स्वर्ण पदक |

- **भारतीय पुरुषों की 4x400 मीटर रिले टीम :** भारतीय पुरुषों की 4x400 मीटर रिले टीम ने 3:08.37 मिनट में दौड़ पूरी कर श्रीलंका (3:08.22) के बाद रजत पदक जीता।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## कनाडा टेनिस ओपन 2025

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **कनाडा की टीनएजर टेनिस खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको (18 वर्षीय) ने मॉन्ट्रियल में चार ग्रैंड स्लैम विजेता नाओमी ओसाका (जापान) को हराकर कनाडाई ओपन में महिला एकल टेनिस का खिताब जीता।**



➲ **मुख्य बिंदु :**

**महिला टाइटल : विक्टोरिया म्बोको**

- **यह विक्टोरिया का पहला WTA टूर टाइटल हैं।**
- **इससे पूर्व विक्टोरिया ने इसी टूर्नामेंट में कोको गॉफ, सोफिया केनिन और एलिना रायबकिना को हराया जो की ग्रैंड स्लैम विजेता रह चुके हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- विक्टोरिया एक ही WTA इवेंट में चार पूर्व ग्रैंड स्लैम विजेता को हराने वाली ओपन एरा में पहली कनाडाई बन गई हैं।
- विक्टोरिया, ओपन एरा में घरेलू टूर्नामेंट जीतने वाली तीसरी खिलाड़ी हैं। इससे पूर्व फे अर्बन (वर्ष 1969) और बिर्याका आंद्रेस्कू (वर्ष 2019) ने जीता था।
- वर्ष 1990 में इस प्रारूप की शुरुआत के बाद से टियर I 'WTA 1000' खिताब जीतने वाली दूसरी सबसे कम रैंकिंग वाली खिलाड़ी बन गई।
- विक्टोरिया वर्ष की शुरुआत में वर्ल्ड रैंकिंग में 333वें नंबर पर थीं। अब वह 34वें पर आ जाएंगी।

**पुरुष टाइटल : बेन शेल्टन**

- पुरुष वर्ग में अमेरिका के बेन शेल्टन ने फाइनल में रूस के कारेन खाचानोव को हराकर अपना पहला ATP मास्टर्स 1000 खिताब जीता।
- 22 वर्षीय शेल्टन यह उपलब्धि हासिल करने वाले एंडी रोडिक के बाद सबसे युवा अमेरिकी बने।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट :**

1. **ऑस्ट्रेलियन ओपन :**
   - जनवरी में आयोजित, हार्ड कोर्ट पर खेला जाता है।
   - मेलबर्न में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह टूर्नामेंट वर्ष का पहला ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट है ।
2. **फ्रेंच ओपन :**
   - मई-जून में आयोजित, पेरिस के रोलाण्ड गैरोस स्टेडियम में आयोजित यह विश्व का सबसे प्रतिष्ठित क्ले-कोर्ट आयोजन है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**फ्रेंच ओपन, 2025 :**

| वर्ग | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|
| पुरुष एकल | कार्लोस अल्काराज़ (स्पेन) | जैनिक सिनर (इटली) |
| महिला एकल | कोको गौफ़ (अमेरिका) | आर्यना सबालेंका (बेलारूस) |

## 3. विंबलडन ओपन :

- जून-जुलाई में आयोजित, सबसे पुराना ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट, विंबलडन, लंदन, इंग्लैंड में घास के कोर्ट पर खेला जाता है।

**विंबलडन ओपन, 2025:**

| विजेता | | उपविजेता | |
|---|---|---|---|
| पुरुष एकल | महिला एकल | पुरुष एकल | महिला एकल |
| जैनिक सिनर (इटली) | इगा स्वियाटेक (पोलैंड) | कार्लोस अल्काराज़ (स्पेन) | अमांडा अनिसिमोवा (अमेरिका) |

## 4. US ओपन:

- अगस्त-सितंबर में आयोजित, कैलेंडर वर्ष का अंतिम ग्रैंड स्लैम जो हार्ड कोर्ट पर खेला जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **IIT खड़गपुरः पहली बार मेंटल हेल्थ के लिए डीन**<br><br>♦ **IIT खड़गपुर छात्रों की मानसिक सेहत को लेकर पहली बार 'डीन ऑफ स्टूडेंट्स वेलबीइंग' की नियुक्ति की गई है।**<br>♦ **यह देश का पहला ऐसा संस्थान है, जहाँ छात्रों की मानसिक सेहत के लिए अलग से डीन की नियुक्ति की गई।** |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR